आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 26.05.2024 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- राज्य सरकार ने चारधाम यात्रा की नियमित समीक्षा और बेहतर संचालन के लिए छह सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया।
- हरिद्वार शहर में ट्रैफिक के बेहतर संचालन के लिए दोपहर के समय भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।
- केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के दिशा–निर्देशों के तहत प्रदेश के अस्पतालों से बाहर खुले ब्लड सेंटरों के लाइसेंस नवीनीकृत नहीं किए जा सकेंगे।
- हल्द्वानी में तराई केंद्रीय वन विभाग की टांडा रेंज में लकड़ी की तस्करी कर रहे तीन लोग गिरफ्तार।

**उच्च स्तरीय समिति**

उत्तराखण्ड सरकार ने चारधाम यात्रा के बेहतर संचालन के लिए अपर मुख्य सचिव (वित्त) की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। यह समिति तीर्थयात्रा की नियमित समीक्षा करेगी और यात्रा से जुड़े अधिकारियों को उचित दिशा–निर्देश देने में भी सहयोग करेगी। यह समिति प्रदेश में संचालित होने वाली सभी यात्राओं के भविष्य में सुचारू और निर्बाध संचालन के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना भी बनाएगी। इसके साथ ही यह समिति राज्य की सभी धार्मिक यात्राओं के लिए एक महीने के अंदर यात्रा प्राधिकरण या किसी अन्य संस्था के गठन पर अपने सुझाव सरकार को देगी। इस बीच, चारधाम यात्रा पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा दस लाख 94 हजार के पार पहुंच गया है।

**भारी वाहन आवागमन प्रतिबंध**

चारधाम यात्रा पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। यात्रा शुरू होने के लगभग आधा महीने के भीतर ही ग्यारह लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने चारधाम और हेमकुण्ड साहिब के दर्शन किए हैं। बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के आवागमन से कई स्थानों पर प्रशासन को यातायात प्रबंधन में परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है। हरिद्वार में लोगों को आज ट्रैफिक जाम से जूझना पड़ा। इसको देखते हुए शहर में दोपहर के समय में भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई है। हरिद्वार जिले के पुलिस अधीक्षक (ट्रैफिक) पंकज गैरोला ने बताया कि पिछले दो दिनों में शहर में काफी ट्रैफिक बढ गया है और इसे देखते हुए भारी वाहनों की आवाजाही को दोपहर में बंद रखने का फैसला लिया गया है।

**स्वास्थ्य सुरक्षा**

चारधाम यात्रा के लिए आने वाले तीर्थयात्रियों को स्वास्थ्य को लेकर एहतियात बरतने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि केदारनाथ और यमुनोत्री धाम में पैदल चढ़ते समय एक से दो घंटे के बाद कुछ समय विश्राम जरूरी है। इसके बाद दोबारा यात्रा के लिए आगे बढ़े। इस दौरान सीने में दर्द, सांस की तकलीफ, चक्कर और उल्टी आने पर नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या चिकितसा राहत केंद्र में प्राथमिक उपचार लें। इसके साथ ही हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, अस्थमा और मधुमेह के मरीजों को आवश्यक दवांए अपने साथ रखने की सलाह दी गई है।

**सफाई व्यवस्था**

उत्तरकाशी जिले की नगर पंचायत गंगोत्री में पहली बार जैविक खाद संयत्र लगाया गया है। दो मीट्रिक टन क्षमता वाले इस ऑर्गेनिक कंपोस्टर की मदद से ठंडे वातावरण में भी जैविक कूड़े को खाद में बदला जा सकेगा। शहरी विकास विभाग के संयुक्त निदेशक विनोद कुमार ने उत्तरकाशी जिले के भ्रमण के दौरान यह जानकारी दी। श्री कुमार दो दिवसीय जिला भ्रमण पर थे। इस दौरान उन्होंने शहर की स्वच्छता व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।

**दिशा–निर्देश**

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सी०डी०एस०सी०ओ) के रक्त केंद्र प्रभाग ने ब्लड बैकों को लेकर नए दिशा–निर्देश जारी किये हैं। इसके तहत अस्पताल से बाहर खुले ब्लड सेंटरों के लाइसेंसों का अब नवीनीकरण नहीं होगा। ब्लड बैकों के लाइसेंस के लिए अस्पताल अनिवार्य है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन व ड्रग कंट्रोलर के अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने कहा कि जो रक्त केंद्र अस्पताल परिसर के भीतर स्थित नहीं हैं, उन्हें तत्काल प्रभाव से अब लाइसेंस देने या नवीनीकरण के लिए विचार नहीं किया जाएगा। ऐसे रक्त केंद्रों के आवेदन अनुमोदन के लिए केंद्रीय लाइसेंसिंग अनुमोदन प्राधिकरण (सीएलएए) को नहीं भेजे जाएंगे।

**तस्करी**

हल्द्वानी में तराई केंद्रीय वन विभाग के टांडा रेंज में आज सुबह लकड़ी की तस्करी कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। रेंज के वन क्षेत्राधिकारी रूप नारायण गौतम ने बताया कि वन विभाग को लालकुआं क्षेत्र में कीमती लकड़ियों को काटकर एक वाहन ले जाने की गोपनीय सूचना मिली थी, जिसके बाद वन विभाग की एसओजी और नियमित टीम ने मौके पर पहुंचकर तस्करों की घेराबंदी कर उन्हें रोकने की कोशिश की। इस पर लकड़ी तस्करों की ओर से फायरिंग शुरू कर दी गई। जवाब में वन विभाग के दल ने भी फायरिंग की गई। इसमें एक तस्कर को गोली लग गयी, जिसे उपचार के लिए हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा मौके से दो अन्य तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि वन विभाग की इस कार्रवाई में तस्करों के पास से एक पिकअप वाहन में भारी मात्रा में सागौन की लकड़ी और एक बाइक के साथ एक तमंचा भी बरामद किया गया है।

**जैविक सब्जी**

नैनीताल जिले के मोटाहल्दू में किसान परम्परागत कृषि विकास योजना के तहत जैविक खेती कर सब्जी उत्पादन कर रहे है। बाजार में ऑर्गेनिक सब्जियों की अधिक मांग के चलते जिले के कई किसानों ने जैविक सब्जी उत्पादन को दोबारा से अपना लिया है। क्षेत्र के किसान अनिल पांडे ने कहा कि जैविक उत्पादों की बाजार में मांग लगातार बढ़ रही है। इसके चलते यहां के अन्य किसान भी जैविक खेती को अपना रहे हैं। राजकीय आयुर्वेद अस्पताल, फुटकुंआ के चिकित्सक डॉक्टर. डी.सी. पंत ने कहा कि मिलावटी खाद्य पदार्थ शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि जैविक उत्पादों के प्रयोग से कई तरह की बीमारियों से बचा जा सकता है।

## तंबाकू सेवन प्रतिबंध

रुद्रप्रयाग जिले में सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों तथा स्कूल–कॉलेजों के 100 गज के दायरे में तंबाकू का सेवन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला कार्यालय में आयोजित तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के संबंध में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। अपर जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, शिक्षा और नगर पालिका के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करते हुए तंबाकू सेवन के नुकसान के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चलाने को कहा। अपर जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग को स्कूल–कॉलेजों के 100 गज के दायरे में संचालित तंबाकू की दुकानों को दो दिन के भीतर हटवाने के लिए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस और नगर पालिका को सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों पर तंबाकू का सेवन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई कर चालान करने को भी कहा है।

## मौसम

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में देहरादून, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर को छोड़कर प्रदेश के अन्य हिस्सों में गरज के साथ बारिश और आंधी का येलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच, विभाग ने अनुमान जताया है कि राज्य का अधिकतम तापमान आने वाले दिनों में चालीस डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहेगा। पिछले चौबीस घण्टों में राज्य का सबसे अधिक तापमान रूड़की में 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इस बीच, प्रदेश में आज मौसम का मिला जुला असर देखने को मिला। राज्य के मैदानी हिस्सों में धूप खिली रही और पर्वतीय क्षेत्रों में आंशिक से लेकर आमतौर पर बादल छाए हैं। पहाड़ी इलाकों में कहीं–कहीं बूंदाबांदी की भी ख़बर है।